


## उर्फी जावेद बोलीं– धर्म का हिजाब से कोई लेना–देना नहीं

कर्नाटक में हिजाब को लेकर लंबे समय से बहस छिड़ी हुई है। बॉलिवुड में कंगना रनौत, स्वरा भास्कर, हेमा मालिनी और जावेद अख्तर सहित तमाम सिलेब्स ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी। अब बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद ने भी इस मामले में खुलकर बात की है। उर्फी ड्रेसिंग सेंस को लेकर चर्चा में रहती हैं। वो कई बार अपने अजीबोगरीब कपड़ों की वजह से ट्रोल भी हुई हैं। उर्फी ने आजतक डॉट इन से बात करते हुए कहा कि महिलाएं जो चाहे वो पहन सकती हैं। इस चीज पर हम किसी की एजुकेशन डिसाइड नहीं कर सकते हैं। हालांकि उर्फी ने ये भी कहा, श्मैं समझती हूं कि स्कूल का एक कायदा होता है, लेकिन इस देश में धर्म हमेशा से एक संवेदनशील टॉपिक रहा है।

उर्फी ने कहा कि वो औरतें हिजाब पहनकर कुछ गलत नहीं कर रही हैं। फ्रीडम सभी के लिए है। उन्होंने बोला, सब लोग पर्दा रखने को नीची निगाहों से क्यों देखते हैं! अगर ये किसी पर जबरदस्ती थोपा नहीं गया है तो ये बिल्कुल भी गलत नहीं है। मैंने बचपन से कभी हिजाब नहीं पहना। मेरी मम्मी भी इसे फॉलो नहीं करती हैं।

## डांस कर रहे थे हार्डी संधू, बीच में ही निकल गई पैंट

हार्डी संधू का गाना बिजली बिजली जब रिलीज हुआ तो यह देखते ही देखते सबकी जुबां पर चढ़ गया था। इस गाने के जरिए ऐक्ट्रेस श्वेता तिवारी  की बेटी पलक ने म्यूजिक वीडियो में डेब्यू किया था। शबिजली बिजलीश सुपरहिट रहा। गाने के साथ–साथ इसके हुक स्टेप का खुमार भी फैंस पर चढ़ गया था। बिजली बिजली सॉन्ग पर ढेरों इंस्टाग्राम रील्स भी बने। पर क्या आप जानते हैं कि इस गाने के शूट के दौरान हार्डी संधू के साथ कुछ ऐसा हो गया था, जिसके बारे में जानेंगे तो हंस देंगे। खुद हार्डी संधू की भी हंसी नहीं रुकी थी। बिजली बिजली सॉन्ग पिछले साल यानी 2021 में रिलीज हुआ था, जिसके शूट का एक वीडियो हार्डी संधू ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि बिजली बिजली डांस स्टेप करते वक्त हार्डी संधू की पैंट निकलकर नीचे आ जाती है। हार्डी तुरंत ही अपनी पैंट संभालने की कोशिश करते हैं। इस वीडियो पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक खूब रिऐक्ट कर रहे हैं। पलक तिवारी ने भी लिखा, मैं इसके बारे में कैसे भूल गई? इस वीडियो को देख फैंस हंसी से लोट–पोट हो गए। खुद हार्डी ने भी इसी वीडियो को शेयर कर कैप्शन में हंसते हुए इमोजी के साथ लिखा, ये भी हुआ था।

## सोनम कपूर के पति पर टैक्सी चोरी और धोखाधड़ी के संगीन आरोप



सोनम कपूर के पति आनंद आहूजा ने जनवरी, 2022 में एक इंटरनेशनल शिपिंग कंपनी को उनकी कस्टमर सर्विस के खिलाफ ट्वीट किया था। अब खबर है कि उस कंपनी ने आनंद को इनवॉस के साथ कथित छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। बता दें कि इस इनवॉस का इस्तेमाल करके कोई भी टैक्स और कस्टम ड्यूटी देने से बच सकता है। कंपनी ने ट्वीट करते हुए लिथा कि समस्या उनकी सर्विस में नहीं थी बल्कि आनंद द्वारा दिए गए डॉक्यूमेंट्स में थी। अब कंपनी ने दावा किया कि आनंद द्वारा शेयर किए गए इनवॉइस का दाम उनके द्वारा भेजे गए प्रोडक्ट के भुगतान की तुलना में 90 प्रतिशत कम था। ट्वीट में कहा गया है, इनवॉइस में छेड़छाड़ की गई है, जिस वजह से प्रोडक्ट्स के दाम के लिए जो पेमेंट की गई है उसमें 90 पर्सेंट कम अमाउंट मेंशन है। जबकि हमारी पॉलिसी ये है कि सभी कस्टमर की समस्या को पूरी तरह से सॉल्व किया जाए। ये हमारी ड्यूटी है। दरअसल, आनंद आहूजा ने 27 जनवरी को एक ट्वीट किया। और लिखा, श्क्या कोई डलनै शॉपहॉलिक के बारे में जानता है। मेरा तो बहुत खराब अनुभव रहा है। वह एक तो सामान को बहुत गलत तरीके से हैंडल करते हैं। फॉर्मल पेपरवर्क को रिजेक्ट कर देते हैं और बिना कारण बताए मना भी कर देते हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# आलिया भट्ट ने क्यों कहा, बेरहम है फिल्म इंडस्ट्री?

*आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी 25 फरवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है। उसके पहले ऐक्ट्रेस प्रमोशन में बिजी हैं। जगह–जगह वह अपने तरीके से फिल्म को प्रमोट कर रही हैं। ऐसे में वह त्श्र सिर्द्धार्थ कन्नन के स्टूडिया भी पहुंची। वहां उन्होंने फिल्म के साथ–साथ अजय देवगन ,शाहरुख खान और संजय दत्त के साथ काम करने का अपना एक्सपीरियंस भी शेयर किया।*




आलिया भट्ट डियर जिंदगी और सड़क 2 में शाहरुख और संजय दत्त के साथ काम करने के बाद अपनी इस फिल्म में अजय देवगन के साथ नजर आने वाली हैं। सिद्धार्थ के साथ बातचीत में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को बेरहमश बताया। कहा, श्जब तक हम इसमें अपना 100: नहीं देगे, तब तक हम यहां सर्वाइव नहीं कर पाएंगे। एक साल या छह महीने में ही हम गायब हो जाएंगे। आप इस इंडस्ट्री में अपना सब लगाते हो, उसके बाद जाकर आप यहां सर्वाइव कर  पाते हो।

आलिया ने सुपरस्टार्स के साथ काम करने के सवाल पर कहा, जब मैं सुपरस्टार्स को देखती हूं, तो वह बहुत नॉर्मल होते हैं। वह अपना कोई रौब नहीं झाड़ते। एकदम साधारण होते हैं। सेट पर आते हैं, काम करते हैं और घर चले जाते हैं। भले वह दर्शकों के लिए स्टार हैं, लेकिन सेट पर वह काम कर रहे होते हैं।

अजय देवगन के बारे में आलिया कहती हैं, मुझे उनके साथ स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने का मौका तो नहीं मिला लेकिन पूरा यकीन है कि मैं उनकी दोस्त बन सकती हूं। वह कभी भी मेरे साथ जूनियर की तरह व्यवहार नहीं करते हैं। नॉर्मल बिहेव करते हैं। मुझसे सवाल पूछते हैं और सुनते भी हैं। सेट पर भी हम बात किया करते थे। कोई बैरियर नहीं था हमारे बीच।

वहीं आलिया ने शाहरुख के साथ काम करने का भी एक्सपीरियंस शेयर किया। बताया, वह बहुत अलग हैं। भले हम ऑन सेट ज्यादा





समय नहीं बिता सके लेकिन प्रमोशन के दौरान काफी वक्त बिताने का मौका मिला। शाहरुख ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ मैं बहुत कम्फर्टेबल फील करती हूं। मैं कर सकती हूं कि वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। मैंने उनके साथ बहुत समय बिताया है।

संजय दत्त के साथ करने के सवाल पर आलिया बताती हैं, वह चाहते थे कि मैं उनको चाचू बुलाउं। वह बहुत अलग हैं। वह मेरे साथ एक बच्चे की तरह व्यवहार करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके और पापा के अच्छे संबंध हैं। वह हमेशा कहते कि मुझे चाचू बुलाओ। वह ऐसे ही हैं।

# गंगूबाई काठियावाड़ी पर भड़कीं कंगना रनौत

*बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत आजकल अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने तीखे बयानों के कारण चर्चा में रहती हैं। इस फिल्म के रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर एक बच्ची का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक बच्ची आलिया भट्ट के डायलॉग्स बोलती नजर आ रही है। कंगना ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई है।*







कंगना ने हाल में दीपिका पादुकोण की लेटेस्ट फिल्म गहराइयां की कड़े शब्दों में आलोचना की थी। अब उन्होंने आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के प्रमोशन पर उंगली उठाई है। इस फिल्म के रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर एक बच्ची का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक बच्ची आलिया भट्ट के डायलॉग्स बोलती नजर आ रही है। कंगना ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई है। कंगना ने इस बारे में बात करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, सरकार को ऐसे सभी पैरंट्स के खिलाफ सख्त ऐक्शन लेना चाहिए जो एक ऐसी फिल्म के प्रमोशन से पैसा कमाने के लिए नाबालिग बच्चों यौन उत्पीड़न कर रहे हैं जो एक मशहूर वेश्या और उसके दलाल की बायॉपिक है जिन्होंने अपनी ताकत बढ़ाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को लड़कियां सप्लाई की थीं। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी जी कृपया इसमें दखल दें। इस वीडियो के बारे में आगे बात करते हुए कंगना ने लिखा, क्या इस बच्ची को मुंह में बीड़ी लेकर अश्लील डायलॉग्स बोलते हुए सेक्स वर्कर की नकल करनी चाहिए? इसकी बॉडी लैंग्वेज देखिए? क्या इस उम्र पर इसे कामुक दिखाया जाना ठीक है? ऐसे सैकड़ों और भी बच्चे हैं जिनका ऐसे इस्तेमाल किया जा रहा है। बता दें कि आलिया भट्ट के लीड रोल वाली फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी 25 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। संजय लीला भंसाली के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अजय देवगन और विजय राज भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म हुसैन जैदी की किताब श्माफिया क्वीन्स ऑफ मुंबईश के चौप्टर पर आधारित है जिसमें कमाठीपुरा की माफिया गंगूबाई कोठेवाली के बारे में बताया गया है।